खास-खबरें

रिंग रोड निर्माण स्थल का एसडीएम ने किया निरीक्षण, जल्द काम पूरा करने के निर्देश



नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदा: क्षेत्र में निर्माणाधीन रिंग रोड के कार्यों की प्रगति और भूमि की स्थिति का जायजा लेने के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभा जैन ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रिंग रोड के अंतर्गत आने वाले ग्राम रबरयाई, सिरावदा और मूडरा का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के एसडीओ प्रदीप धाकड़ और जनपद पंचायत बासौदा के उपयंत्री उपस्थित रहे। अधिकारियों ने रिंग रोड निर्माण के लिए अर्जित की जा रही शासकीय एवं निजी भूमि के खसरा नंबरों का सड़क के निर्धारित लेआउट से मौके पर मिलान किया। इस दौरान भूमि की स्थिति और निर्माण से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जानकारी भी ली गई। एसडीएम अनुभा जैन ने बताया कि रिंग रोड का निर्माण पूरा होने से क्षेत्र में आवागमन और संपर्क सुविधाओं में सुधार होगा। इससे आसपास के गांवों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलने के साथ क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी।

आयुष चिकित्सा शिविर में 386 ग्रामीणों का हुआ निःशुल्क उपचार



नईदुनिया, प्रतिनिधि, रायसेन: औबेदुल्लागंज जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत घाट पिपलिया में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इसमें 386 ग्रामीणों को स्वास्थ्य परामर्श और औषधियां प्रदान की गईं। शिविर में आयुष की तीनों चिकित्सा पद्धतियों से मरीजों का उपचार किया गया। आयुर्वेद पद्धति से 185, होम्योपैथी से 95 और यूनानी पद्धति से 106 रोगियों को चिकित्सा सेवाएं दी गईं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई और विशेषज्ञों से परामर्श लिया।

इनरव्हील क्लब ने मनाया ऑरेंज द वर्ल्ड दिवस, महिला सुरक्षा का लिया संकल्प



नईदुनिया, प्रतिनिधि, मंदसौर: इनरव्हील क्लब मंदसौर की ओर से ऑरेंज द वर्ल्ड दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं और बालिकाओं के प्रति होने वाली हिंसा रोकने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में समानता व सम्मान का वातावरण बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। क्लब अध्यक्ष अंजना पटेल ने कहा कि बालिकाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर मिलने चाहिए। उनकी सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों का ध्यान रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। पूर्व अध्यक्ष इंदु पंचोली ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं के साथ-साथ बेटों की सुरक्षा और सम्मान भी जरूरी है। सभी को समान अधिकार और अवसर मिलने चाहिए। उन्होंने सभी के जीवन में समानता और सकारात्मकता की रोशनी फैलाने का संदेश दिया।

बैंक ऑफ इंडिया की सतराना शाखा में 30.79 लाख का गबन, कैशियर पर एफआईआर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदा: रेहटी थाना क्षेत्र के सतराना स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में 30 लाख 79 हजार 800 रुपए के गबन का मामला सामने आया है। बैंक की तिजोरी में दर्ज रिकॉर्ड से नकदी कम मिलने के बाद वरिष्ठ शाखा प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने प्रधान कैशियर के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, बैंक के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अनिल कुमार नागलिया ने शिकायत में बताया कि 10 नवंबर को सतर्कता अधिकारी नियोदित कुमार खोब्रागडे ने शाखा का निरीक्षण किया था। इस दौरान बैंक के रिकॉर्ड और तिजोरी में रखी नकदी का मिलान किया गया। रिकॉर्ड के अनुसार, 7 नवंबर को बैंक में 34 लाख 46 हजार 475 रुपए नकद शेष थे, जबकि निरीक्षण के समय तिजोरी में केवल 3 लाख 66 हजार 675 रुपए मिले। इस तरह 30 लाख 79 हजार 800 रुपए की कमी पाई गई।

निजी कर्ज चुकाने में इस्तेमाल की राशि: नकदी की कमी सामने आने पर शाखा के प्रधान कैशियर अनिल कुमार देवदास से पूछताछ की गई। बैंक प्रबंधन के आवेदन के मुताबिक, कैशियर ने लिखित बयान में राशि का गबन करने की बात स्वीकार की। उसने बताया कि बैंक की नकदी का इस्तेमाल निजी कर्ज और ब्याज चुकाने के लिए किया।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 108 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे



नईदुनिया, प्रतिनिधि, रायसेन: दशहरा मैदान में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इसमें 108 जोड़ों का विवाह एवं निकाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी और जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा ने कन्यापूजन और दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में 18 जोड़ों का विवाह और 89 जोड़ों का निकाह कराया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ. चौधरी ने नवदंपतियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को बेटियों के विवाह की जिम्मेदारी निभाने में आर्थिक सहयोग मिलता है।

महिदपुर और खेड़ाखजुरिया के अस्पतालों का सीएमएचओ ने किया औचक निरीक्षण

गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी और हाईरिस्क प्रसव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन: मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विक्रम रघुवंशी ने शुक्रवार को महिदपुर सिविल अस्पताल और खेड़ाखजुरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं और अस्पतालों की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों को सुधार के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने ओपीडी सहित अन्य आवश्यक रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने और गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की समय पर सोनोग्राफी कराने और हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं को बर्थ वेटिंग के तहत भर्ती कर सुरक्षित प्रसव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

डॉ. रघुवंशी ने अनमोल पोर्टल पर समय पर जानकारी दर्ज करने, आभा आईडी और आयुष्मान कार्ड बनाने तथा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का तय समयसीमा में निराकरण करने पर जोर दिया। उन्होंने गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती कराने और उपचार प्रोटोकॉल के अनुसार दवाओं का वितरण सुनिश्चित करने को कहा।

योजनाओं का लाभ समय पर देने के निर्देश: सीएमएचओ ने हितग्राहीमूलक योजनाओं के पात्र लोगों को समय पर भुगतान करने और स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पतालों में साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को भी कहा। निरीक्षण के दौरान महिदपुर सिविल अस्पताल के प्रभारी डॉ. महेश रामपुरे सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहा।

अपरिहार्य परिस्थितियों के चलते सीहोर नगर गौरव दिवस का आयोजन स्थगित

सीहोर। सीहोर शहर की गौरवशाली परंपरा, ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक पहचान को समर्पित सीहोर नगर गौरव दिवस के अवसर पर 29 नवंबर को प्रस्तावित भव्य कार्यक्रम को अपरिहार्य परिस्थितियों के चलते फिलहाल आगे बढ़ा दिया गया है। अब यह आयोजन आगामी निर्धारित तिथि पर आयोजित किया जाएगा, जिसकी सूचना पृथक से दी जाएगी। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर गौरव दिवस के अंतर्गत 29 नवंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही थीं, लेकिन कुछ अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण कार्यक्रम की तिथि में परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम निरस्त नहीं किया गया है, बल्कि इसे आगामी तिथि के लिए स्थगित किया गया है। उन्होंने बताया कि सीहोर नगर गौरव दिवस शहरवासियों के लिए गौरव, उत्साह और अपनी ऐतिहासिक पहचान से जुड़ने का विशेष अवसर है।

कलेक्टर ने छात्राओं को दिए सफलता के टिप्स अनुशासन और समय प्रबंधन पर दिया जोर



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन: महिदपुर तहसील के ग्राम गोगापुर में शुक्रवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने छात्राओं से संवाद कर उन्हें सफलता के मंत्र दिए। सरोवर तट के पास पशु मेला प्रांगण में आयोजित यशस्वी संवाद कार्यक्रम में उन्होंने छात्राओं को पढ़ाई, अनुशासन, आत्मविश्वास और समय प्रबंधन का महत्व समझाया।

कलेक्टर ने कहा कि जीवन में सफलता हासिल करने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति, अनुशासन और निरंतर मेहनत जरूरी है। छात्राएं अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें और स्पष्ट लक्ष्य तय कर उसे योजनाबद्ध तरीके से हासिल करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि समय का सही उपयोग और नियमित प्रयास सफलता की राह आसान बनाते हैं।

उन्होंने छात्राओं को निराशा से दूर रहने, एक-दूसरे से प्रेरणा लेने और पूरी ईमानदारी के साथ शिक्षा प्राप्त करने की सीख दी। कलेक्टर ने कहा कि छात्राएं अपनी उपलब्धियों से परिवार के साथ क्षेत्र का नाम भी रोशन कर सकती हैं।

सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की अपील: संवाद के दौरान कलेक्टर ने छात्राओं और ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और कार में सफर के दौरान सीट बेल्ट लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना स्वयं और दूसरों की सुरक्षा के लिए जरूरी है।

नारायणा में स्वास्थ्य शिविर 89 ग्रामीणों का हुआ उपचार



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन: मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को महिदपुर विकासखंड के ग्राम नारायणा में जिला स्तरीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 89 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उपचार और बीमारियों से बचाव संबंधी परामर्श दिया गया। इसके अलावा 26 लोगों की आंखों की जांच की गई। पात्र हितग्राहियों के मौके पर ही 35 आयुष्मान कार्ड और 35 आभा आईडी बनाए गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विक्रम रघुवंशी ने शिविर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली और स्वास्थ्य अमले को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के साथ पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। सीएमएचओ ने नियमित स्वास्थ्य जांच और जागरूकता गतिविधियां जारी रखने पर जोर दिया। इस दौरान ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. सौभना भाबर, नर्सिंग स्टाफ और अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

सात दिवसीय शिव महापुराण की तैयारियों को लेकर नारी शक्ति महिला मंडल की बैठक आज

सीहोर। शहर में सनातन धर्म, संस्कृति और धार्मिक संस्कारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नारी शक्ति महिला मंडल के तत्वावधान में आगामी 17 दिसंबर से सात दिवसीय भव्य एवं दिव्य शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर महिला मंडल द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इसी सिलसिले में शनिवार को शहर के प्राचीन जगदीश मंदिर में दोपहर 3 बजे एक विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में शिव महापुराण आयोजन की रूपरेखा तैयार करने के साथ ही व्यवस्थाओं और जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसमें शहर के विभिन्न महिला मंडलों एवं सामाजिक संगठनों से जुड़ी महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल होंगी। नारी शक्ति महिला मंडल की ओर से जानकारी देते हुए अग्रवाल महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती ज्योति अग्रवाल एवं अंजू अजय अग्रवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी सात दिवसीय शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है।

न्यायोत्सव का समापन, प्रदर्शनी और रैली से दिया कानूनी जागरूकता का संदेश



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन: न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का शुक्रवार को जिला न्यायालय परिसर में विधिक सेवा प्रदर्शनी और जागरूकता वाहन रैली के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश पीसी गुप्ता ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और कानूनी सहायता पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रधान जिला न्यायाधीश पीसी गुप्ता और अभिभाषक संघ अध्यक्ष ओम सारवान ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित और माल्यार्पण कर की। प्रदर्शनी में राष्ट्रीय, राज्य और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य आम नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों और निःशुल्क विधिक सहायता के प्रति जागरूक करना था।

न्यायोत्सव सप्ताह के दौरान आयोजित निबंध, चित्रकला, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं और मैराथन के विजेताओं को प्रधान जिला न्यायाधीश ने शील्ड और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

बच्चों के हस्तशिल्प रहे आकर्षण का केंद्र: प्रदर्शनी में गुरुकुलम इंटरनेशनल स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल के साथ बाल गृह और बालिका गृह के बच्चों द्वारा तैयार हस्तशिल्प प्रदर्शित किए गए। बच्चों की रचनात्मक कलाकृतियों ने अतिथियों और आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया।

तीन बत्ती से टॉवर चौराहे तक निकली रैली: शाम 5 बजे प्रधान जिला न्यायाधीश ने जागरूकता वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली जिला न्यायालय परिसर से शुरू होकर तीन बत्ती चौराहे से होते हुए टॉवर चौराहे पर संपन्न हुई। इसमें पुलिस, अधिवक्ताओं और पैरालीगल वालंटियर्स ने नागरिकों को कानूनी अधिकारों, विधिक सेवा योजनाओं और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं न्यायाधीश गौरव प्रज्ञानन, अन्य न्यायाधीश, अधिवक्ता, वरिष्ठ पत्रकार, स्कूल संचालक, प्राचार्य, विद्यार्थी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रतिनिधि, अभियोजन अधिकारी और पैरालीगल वालंटियर्स उपस्थित रहे।

देवउठनी ग्यारस पर संकल्प वृद्धाश्रम में भजन संध्या का भव्य आयोजन



नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर: देवउठनी ग्यारस के पावन अवसर पर शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम एवं नशा मुक्ति केन्द्र में दो दिवसीय धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के पहले दिन शुक्रवार को भगवान खाटू श्याम के नाम भव्य भजन-कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी नगर सेठ विवेक रुठिया एवं रुठिया परिवार के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में भक्तिमय माहौल के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और महिलाओं ने सहभागिता की। इस मौके पर संकल्प वृद्धाश्रम की ओर से बाबू सिंह, रितेश माहेश्वरी, महेश कुमार आदि ने यहां पर मौजूद नारी शक्ति महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति अग्रवाल, कथा वाचक साक्षी गुप्ता, संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा का स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर पहले दिन तुलसी विवाह का आयोजन किया गया। इस मौके पर पंडित सुनील पाराशर ने बताया कि देवउठनी ग्यारस के साथ ही मांगलिक कार्य की शुरूआत हो जाती है और तुलसी विवाह के बारे में जानकारी दी और बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार, पतिव्रता वृंदा की भक्ति से असुर जलंधर अजेय था। धर्म की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने जलंधर का रूप धारण किया। सत्य जानने पर वृंदा ने भगवान को शिला बनने का श्राप दिया, जिससे वे शालिग्राम बने, और वृंदा के तेज व वरदान से तुलसी का पौधा प्रकट हुआ। तभी से हर वर्ष तुलसी और शालिग्राम का विवाह कराया जाता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान खाटू श्याम के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। दोपहर 12 बजे से आयोजित भजन-कीर्तन में भजन गायकों ने खाटू श्याम के एक से बढ़कर एक मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। श्याम बाबा की महिमा और भक्ति से ओतप्रोत भजनों ने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लेते हुए बाबा श्याम के जयकारे लगाए। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में अग्रवाल महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती ज्योति अग्रवाल सहित अन्य महिलाओं का सम्मान किया गया। आयोजनकर्ताओं ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में उनके योगदान की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान कथा वाचक साक्षी गुप्ता ने प्रवचन में खाटू श्याम भगवान की महिमा का वर्णन करते हुए बताया गया कि भगवान खाटू श्याम को भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त है।

गर्मी में पेयजल आपूर्ति बनाए रखने के लिए नगर पालिका ने की समीक्षा

मंदसौर। अल्प वर्षा और तेजी से गिरते भूजल स्तर को देखते हुए आगामी गर्मी में शहर की पेयजल आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के लिए नगर पालिका के जलकार्य एवं सीवरेज विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें अटल सागर बांध में उपलब्ध पेयजल और चंबल परियोजना से मिल रहे पानी की स्थिति की जानकारी ली गई।

बैठक में आगामी ग्रीष्म ऋतु में शहर की जरूरतों के अनुसार जल उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति बनाए रखने के लिए आवश्यक तैयारियां करने और व्यवस्था पर नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता चावला, जलकार्य सभापति नीलेश जैन, डिप्टी कलेक्टर एवं सीएमओ रोहित राणावत, कार्यपालन यंत्री पीएस धारवे सहित जलकल समिति के सदस्य और विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पालिका ने नागरिकों से पेयजल का सदुपयोग करने और पानी व्यर्थ नहीं बहाने की अपील की है।

नोघई से सागर टपरा मार्ग का भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर किया नामकरण



नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदा: आदिवासी जननायक एवं स्वतंत्रता संग्राम के महानायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर ग्राम नोघई के सागर टपरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विधायक हरिसिंह रघुवंशी शामिल हुए। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए किए गए उनके योगदान को याद किया। विधायक ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज के अधिकारों और सम्मान के लिए संघर्ष किया। उनका जीवन त्याग, साहस और समाज के उत्थान की प्रेरणा देता है। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं।

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने आदिवासी समाज के लोगों से चर्चा कर उनकी समस्याएं और आवश्यकताएं जानीं। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनके निराकरण के लिए विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम नोघई से सागर टपरा तक के मार्ग का नामकरण भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर किया। इसके बाद विधायक ग्राम भिलांय स्थित आदिवासी छात्रावास पहुंचे। यहां उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई, छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र मीणा, संदीप ठाकुर, लाखन सिंह रघुवंशी, जनपद सदस्य कपिल रघुवंशी, सरपंच कुणाल रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

स्पेशल खबर सांस्कृतिक नांदी में शिप्रा स्तुति, यक्षगान और वाद्यवृंद ने बांधा समां; आज शाम 6 बजे मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

मंगल कलश यात्रा से महकी अवंतिका, 68वें कालिदास समारोह का पूर्वरंग शुरू



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन: 68वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह के पूर्वरंग में शुक्रवार को धर्म, आस्था और लोक संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। शिप्रा नदी के पवित्र जल से भरे मंगल कलश की भव्य यात्रा निकाली गई। इसमें 33 लोककला दलों ने अपनी प्रस्तुतियों से अवंतिका नगरी को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। समारोह का मुख्य उद्घाटन शनिवार शाम 6 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे।

सुबह 7 बजे शिप्रा तट पर पंडित महेंद्र पंड्या ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंगल कलश का पूजन कराया। इस दौरान कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंधे, केंद्रीय कालिदास समिति के सदस्य रूप पमनानी, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज और समिति सचिव प्रो. शैलेंद्र शर्मा मौजूद रहे। पूजन के बाद कलश को मां हरसिद्धि मंदिर, बड़े गणेश मंदिर और बाबा महाकाल के चांदी द्वार पर दर्शन कराए गए।

घंटाघर से नगर निगम सभापति कलावती यादव की उपस्थिति में कलश यात्रा शुरू हुई। यह टॉवर चौक, शहीद पार्क, इंदिरा गांधी चौराहा और तीन बत्ती होते हुए कालिदास अकादमी पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच घटस्थापना की गई। यात्रा मार्ग पर विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

33 दलों ने प्रस्तुत की लोककलाएं: कलश यात्रा में मालवा लोक कला केंद्र के माच कलाकारों, दर्शन लोक कला मंडल की मयूर, घोड़ा और छतरी लोककला, घोष व लाजिम दल तथा दिव्य शक्ति कला केंद्र की बालिकाओं ने लाठी कला का प्रदर्शन किया। रंगोली दलों, एनएसएस, स्काउट और पुलिस बैंड ने भी सहभागिता की।

शिप्रा स्तुति, यक्षगान से सजी सांस्कृतिक नांदी: शाम को पंडित सूर्यनारायण व्यास संकुल में सांस्कृतिक नांदी का आयोजन हुआ। इसमें वेणुनाद निनाद नृत्य संस्थान ने शिप्रा स्तुति प्रस्तुत की। कर्नाटक के डॉ. कोरे मने शिवानंद हेगड़े ने यक्षगान और ग्वालियर के राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ने वाद्यवृंद की प्रस्तुति दी।

आज पंडवानी गायन की प्रस्तुति: शनिवार शाम 6 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समारोह का विधिवत शुभारंभ करेंगे। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत विशिष्ट अतिथि और प्रदेश के संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज और विधायक भी उपस्थित रहेंगे। शाम 7 बजे छत्तीसगढ़ की पद्मश्री उषा बारले पंडवानी गायन प्रस्तुत करेंगी।